# मेकॉन लिमिटेड

## तथा

# इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार

## के बीच

# वर्ष 2011-2012

## के लिए

# समझौता ज्ञापन

**मेकान लिमिटेड**
**तथा**
**इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार**
**के बीच**
**वर्ष 2011-2012**
**के लिए**
**समझौता ज्ञापन**

## भाग–I

1.1 **दृष्टिक्षेप:**

वैश्विक उपस्थिति के साथ एक अग्रणी, इंजीनियरी, डिजाइन और परामर्शदाता संगठन बनने का प्रयास करना ।

1.2 **ध्येय:**

निम्नलिखित क्षेत्रों में विश्वसनीय एवं गुणवत्ता युक्त सेवाएं प्रदान करने वाले अंतर्राष्ट्रीय रूप से मान्यता प्राप्त उत्कृष्टता केन्द्र के तौर पर कार्य करना ।

क) तकनीकी परामर्श - धातु क्षेत्र पर विशेष ध्यान देते हुए डिजाइन एवं इंजीनियरी,

ख) धातु क्षेत्र पर विशेष ध्यान देते हुए संयंत्र, उपस्कर एवं प्रणालियों के डिजाइन तथा आपूर्ति

ग) नए औद्योगिक उद्यमों का अवधारणा से लेकर स्थापना तक कार्यान्वयन

घ) मौजूदा संयंत्रों एवं अवसंरचना सुविधाओं का उन्नयन तथा विस्तार

## 1.3 उद्देश्य:

1.3.1 ग्राहकों/पक्षकारों को प्रतिस्पर्धी कीमतों पर समुचित "आधुनिकतम" प्रौद्योगिकी तथा गुणवत्तायुक्त सेवाएं प्रदान करना ।

1.3.2 कंपनी में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित करना और सकल मार्जिन/लाभप्रदता को अधिकतम बनाना ।

1.3.3 विश्व के अग्रणी प्रतिष्ठानों के साथ समुचित प्रौद्योगिकीय सहयोग से विविधीकृत क्षेत्रों में व्यापार को बढ़ाना ।

1.3.4 कंपनी के प्रचालनों के सभी क्षेत्रों में विश्वसनीय सूचना प्रबंध प्रणाली पर दृढ़ता से आधारित संपूर्ण गुणवत्ता प्रबंधन (टी क्यू एम) का कार्यान्वयन एवं उसका अनुरक्षण करना ।

1.3.5 पर्याप्त डोमेन विशेषता सहित सक्षम तथा अत्यधिक उत्तरदायी कार्यबल जुटाना एवं उसे बनाए रखना ।

1.3.6 कंपनी द्वारा कार्यान्वित सभी परियोजनाओं में पर्यावरणीय स्वास्थ्य एवं सुरक्षा मानदंडों का अनुपालन सुनिश्चित करना ।

1.3.7 एक जिम्मेदार निगमित नागरिक के रूप में सामाजिक उद्देश्यों का निर्वहन करना ।

## भाग–II

समझौता ज्ञापन की हस्ताक्षरकर्ता कंपनी पर यथाप्रयोज्य ।

## 2. लक्ष्य और मूल्यांकन मापदंड (2011-12 के लिए समझौता ज्ञापन)

| | मूल्यांकन मापदंड | इकाई | भार | पांच सूत्री निष्पादन रेटिंग | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | स्थिर/वित्तीय मापदंड | | (% में) | उत्कृष्ट | बहुत अच्छा | अच्छा | उचित | खराब |
| 1 | सकल बिक्रियां | करोड़ रू. | 10 | 698.00 | 664.00 | 632.00 | 602.00 | 570.00 |
| 2 | सकल मार्जिन | करोड़ रू. | 10 | 135.00 | 129.00 | 123.00 | 117.00 | 111.00 |
| 3 | सकल लाभ | करोड़ रू. | 5 | 131.00 | 125.00 | 119.00 | 113.00 | 107.00 |
| 4 | निवल लाभ | करोड़ रू. | 5 | 84.34 | 80.34 | 76.34 | 72.34 | 68.68 |
| .5 | प्रचालन से नकदी प्राप्ति | करोड़ रू. | 5 | 95.00 | 90.00 | 85.00 | 80.00 | 70.00 |
| 6 | कार्यशील पूंजी /कारोबार | अनुपात | 5 | 0.32 | 0.33 | 0.35 | 0.36 | 0.37 |
| | गतिशील मापदंड | | | | | | | |
| .1 | वर्ष के दौरान आर्डर बुकिंग | करोड़ रू. | 5 | 620 | 577 | 550 | 522 | 498 |
| .2 | गुणवत्ता - पर्यवेक्षण लेखा परीक्षा/पुनः प्रमाणन लेखा परीक्षा : सुधारात्मक अनुरोध (सीएआर) आईएसओ 9001:2008 (अनुबंध क देखें) | सं. | 5 | 0 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| .3 | उपभोक्ता संतुष्टी (अनुबंध-ख देखें)) | % | 5 | 86.00 | 84.00 | 80.00 | 76.00 | 72.00 |
| .4 | कार्यान्वित की जाने वाली सी एस आर स्कीमें | | | | | | | |
| | निदेशक बोर्ड द्वारा अनुमोदित सीएसआर नीति के अनुसार परियोजनाओं पर व्यय | करोड़ रू. | 5 | 2.75 | 2.50 | 2.00 | 1.75 | 1.50 |
| 2.5 | अनुसंधान और विकास | | | | | | | |
| | क) सतत मल्टी-गैस निगरानी का विकास-मूलभूत अध्ययन, मिलान अध्ययन और संघटकों का चयन | दिनांक | 2.5 | 31-जन-12 | 29-फर-12 | 31-मार्च-12 | | |
| | ख) इन्फ्रा रेड कैमरा आधारित लैंडल स्थित निगरानी-डिजाइन, विन्यास का विन्यास और प्रणाली के व्यापक तकनीकी विनिर्देशनों को अंतिम रूप देना । | दिनांक | 2.5 | 31-जन-12 | 29-फर-12 | 31-मार्च-12 | | |
| | क्षेत्र/उद्यम विशिष्ट | | | | | | | |
| 3.1 | वर्ष 2016-17 तक कार्पोरेट योजना तैयार करना | दिनांक | 5 | 30-सितं-11 | 31-अक्ट.-11 | 31-दिसं-11 | 31-जन-12 | 31-मार्च-12 |
| 3.2 | प्रौद्योगिकी उन्नयन ( तकनीकी उन्नयन कार्यनीतिक गठबंधन के लिए नया सहयोग करार ) | सं. | 5 | 3 | 2 | 1 | 0.00 | 0.00 |
| 3.3 | मानव संसाधन विकास | | | | | | | |
| | क) दिया गया प्रशिक्षण (अनुबंध-ग देखें ) | मानव दिन | 4 | 1345 | 1250 | 1190 | 1100 | 1020 |
| | (ख) सीपीएसई द्वारा विभिन्न स्तरों पर भर्ती हेतु चयन समिति ने अल्पसंख्य समुदाय से प्रतिनिधियों को शामिल किया जाना (अनुबंध–ग देखें) | | 1 | सम्मिलित | | | | |
| 3.4 | रिसीविबल्स में कमी | | | | | | | |
| | क) 31 मार्च, 2012 की स्थिति के अनुसार कुल कर्जदारों में छह महीने से अधिक पुराने विविध कर्जदारों का प्रतिशत | % | 2.5 | 25.00 | 28.00 | 30.00 | 32.00 | 34.00 |
| | ख) 31 मार्च, 2012 की स्थिति के अनुसार सकल बिक्रियों में कुल विविध कर्जदारों का प्रतिशत | % | 2.5 | 23.00 | 24.00 | 25.00 | 26.00 | 27.00 |
| 3.5 | निगमित शासन - समस्त डीपीई दिशानिर्देशों का अनुपालन | अनुपालन | 5 | निगमित शासन - डीपीई दिशानिर्देशों का अनुपालन | निगमित शासन - डीपीई दिशानिर्देशों का अनुपालन –जिसका कार्यान्वयन सीपीएसई प्रबंधन के नियंत्रणाधीन है । | | | |
| 3.6 | सकल बिक्री के धातु क्षेत्र से इतर में विविधीकरण प्रयास | करोड़ रू. | 5 | 158.00 | 142.00 | 126.00 | 110.00 | 95.00 |
| 3.7 | निर्यात कारोबार | करोड़ रू. | 5 | 5.00 | 4.00 | 3.00 | 2.00 | 1.00 |

## भाग– IV

- सरकारी विभागों, सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों, संयुक्त क्षेत्र तथा निजी क्षेत्र के उद्यमों से बकाया देय राशि को वसूलने में मेकॉन की सहायता करना ।

- जहां भी लागू हो, इंजीनियरी, परामर्शी व परियोजना प्रबंधन से संबंधित मुद्दों को उठाने और कार्यों के आर्डर दिलवाने में मेकॉन को मार्गदर्शन देना तथा सहायता करना ।

## भाग– V

### समझौता ज्ञापन की निगरानी हेतु बारंबारता योजना

- प्रबंधन द्वारा मासिक निगरानी ।
- निदेशक मंडल द्वारा तिमाही निगरानी ।
- प्रशासनिक मंत्रालय द्वारा अर्ध–वार्षिक निगरानी ।
- लोक उद्यम विभाग द्वारा वार्षिक निगरानी ।

अ.कु.घोष 13/03/11

(ए.के.घोष)
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक
मेकॉन लिमिटेड

प्रदीप कुमार मिश्र

(पी.के.मिश्रा)
सचिव
इस्पात मंत्रालय
भारत सरकार

अनुबंध-क

## मेकॉन में गुणवत्ता प्रबंधन

मेकॉन के पास एक सुपरिभाषित गुणवत्ता नीति है और वह उसका पालन करता है; एक शीर्ष गुणवत्ता नियम पुस्तिका (एक्यूएम) तैयार किया गया है जिसका कंपनी पालन करती है । ए क्यू एम कंपनी में गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली की स्थापना और रखरखाव के लिए प्रबंधन की ओर से एक औपचारिक वितरण और प्रतिबद्धता है, जो कंपनी के व्यवसाय और विपणन योजना तथा उपभोक्ता की जरूरतों से घनिष्ठता से जुड़ी हुई है । प्रबंधन कंपनी में गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली के अनुरक्षण और आईएसओ-9001-2008 के अपेक्षाओं के अनुसार उसमें सतत रूप से सुधार करने के प्रति पूर्णत: वचनबद्ध है ।

गुणवत्ता प्रणाली और उसके अनुपालन में उत्पाद/सेवाओं के उत्पादन को बनाए रखने के लिए उपयुक्त अवसंरचना, संसाधन, सूचना, उपकरण मापन और निगरानी तंत्र और पर्यावरणीय दशाएं उपलब्ध कराई जाती है । इस संगठन की सभी प्रमुख प्रक्रियाएं निगरानी, मापन और विश्लेषण द्वारा रेखांकित और नियंत्रित होती हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उत्पाद की गुणवत्ता संबंधी उद्देश्य पूरे हों ।

आंतरिक लेखा परीक्षा और बैठकों के जरिए कार्य निष्पादन की नियमित रूप से समीक्षा की जाती है जिसके दौरान यह निर्धारित किया जाता है कि क्या गुणवत्ता प्रणाली सुस्थापित है और उसमें क्या सुधार किए जा सकते हैं । पूर्ववर्ती समस्याओं और संभावित समस्याओं से निपटा जाता है । इन क्रियाकलापों और परिणामी निर्णयों के रिकार्ड रखे जाते हैं और उनकी प्रभाविकता पर निगरानी रखी जाती है ।

टव नॉर्ड सर्ट एक बाहरी एजेंसी है जो यह प्रमाणित करती है कि मेकॉन की गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली स्थापित, अभिलेखित, कार्यान्वित और अनुरक्षित की गई है और यह संगठन आईएसओ 9001:2008 अंतर्राष्ट्रीय मानक की अपेक्षाओं के अनुसार उनकी कारगरता में निरंतर रूप से सुधार कर रहा है । प्रत्येक वर्ष उनके द्वारा एक पर्यवेक्षण, लेखा परीक्षा और प्रत्येक तीन वर्ष में एक बार पुन: प्रमाणन लेखा परीक्षा की जाती है जिसमें मेकॉन को यह दर्शाना होता है कि कंपनी की गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली कंपनी की अपेक्षाओं, उपभोक्ताओं की अपेक्षाओं और अन्य संगत विधिक अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए यथा परिकल्पित ढंग से कार्य कर रही है ।

विस्तृत लेखा परीक्षा रिपोर्ट, जिसे टव नॉर्ड सर्ट पर्यवेक्षण लेखा परीक्षा/पुन: प्रमाणन लेखा परीक्षा के समापन पर प्रस्तुत करती है, में यह अनुपालन में किसी त्रुटि, समुक्तियों और सुधार के संभावित क्षेत्रों के स्पष्ट रूप से प्रकाशित करता है । इस रिपोर्ट में प्रदर्शित अनुपालन में हुई इन त्रुटियों को टव नार्ड सर्ट द्वारा सुधारात्मक कार्रवाई अनुरोध (सीएआर) के रूप में दर्शाया जाता है, जो गुणवत्ता प्रबंधक प्रणाली की अपेक्षाओं के अनुपालन में त्रुटि का एक माप है । इसे समझौता ज्ञापन में कंपनी के गुणवत्ता मानकों के मापन के लिए एक मापदंड के तौर पर रखा गया है । इस प्रकार इस मापदंड के विरूद्ध सत्यापन का साधन पर्यवेक्षण/पुन: प्रमाणन- लेखा परीक्षा के पूरा होने के बाद टव नॉर्ड सर्ट द्वारा प्रस्तुत लेखा परीक्षा रिपोर्ट होगी।

*<u>अनुबंध-ख</u>*

## ग्राहक संतुष्टि सूचकांक (सीएसएम) की संगणना करने की पद्धति

कंपनी की निर्धारित गुणवत्ता नीति अर्थात "वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी मूल्यवर्धित परामर्शी, इंजीनियरी, टर्नकी निष्पादन तथा परियोजना प्रबंधन सेवाएं प्रदान करते हुए ग्राहक संकेंद्रित संगठन के रूप में कार्य करना" के अनुरूप परामर्शी तथा ईपीसी कार्यों, दोनों के लिए संरचित ग्राहक संतुष्टि आकलन (सीएसएम) प्रश्नावली के जरिए ग्राहकों से योजनाबद्ध पूरक सूचनाएं प्राप्त की जाती हैं ।

परामर्श कार्यों के लिए पूरक सूचना 25 लाख रू. से अधिक की परामर्श फीस वाली परियोजनाओं के लिए परियोजना प्रगति के 50% और 100% चरणों (अनुसूचित) पर तथा 10 लाख और 25 लाख के बीच परामर्श फीस वाली परियोजनाओं के लिए केवल परियोजना पूरी होने के चरण (अर्थात 100% प्रगति) पर प्राप्त की जाती है ।

ईपीसी परियोजनाओं के लिए पूरक सूचना 15 करोड़ रू. से अधिक की परामर्श फीस वाली परियोजनाओं के लिए परियोजना प्रगति के 50% और 100% चरणों (अनुसूचित) पर तथा 1 करोड़ और 15 करोड़ के बीच परामर्श फीस वाली परियोजनाओं के लिए केवल परियोजना पूरी होने के चरण (अर्थात 100% प्रगति) पर प्राप्त की जाती है ।

तथापि, ग्राहकों को समान महत्व देने (शुल्क/मूल्य पर विचार नहीं करते हुए) के मद्देनजर परियोजना समन्वयकों को परियोजना का शुल्क/मूल्य उपर्युक्त दिशानिर्देश से कम होने पर भी ग्राहकों से पूरक सूचना प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित किया जाता है ।

परियोजना निष्पादन के निम्नलिखित घटकों के लिए पूरक सूचना प्राप्त की जाती है :-

- परियोजना अनुसूची की पूर्ति ।
- प्रदत्त सेवाओं से प्राप्त संतुष्टि का स्तर (अर्थात इंजीनियरी, खरीद, निरीक्षण, निर्माण पर्यवेक्षण आदि) ।
- तैनात किए गए कार्मिकों की गुणवत्ता (अर्थात सक्षमता, प्रतिबद्धता, व्यवहारकुशलता, समन्वय, सम्मान) ।
- कार्य कुशलता में सुधार हेतु ग्राहक का सुझाव ।

प्रपत्रों को तथ्यपरक मूल्यांकन को सुकर बनाने की दृष्टि से तैयार किया गया है और एकरूपता के लिए कार्यनिष्पादन के अलग-अलग स्तरों के लिए उपलब्ध अंकों का उल्लेख किया गया है । (उत्कृष्ट-5, बहुत अच्छा-4, अच्छा-3, औसत-2, खराब-1) परियोजना अनुसूची की पूर्ति में विलंब होने की स्थिति में अनुसूचियों में कमियों के कारणों को भी प्राप्त किया जाता है ।

ग्राहक से पूरक सूचना प्राप्त होने के बाद सीएसएम सूचकांक की गणना निम्नलिखित वरीयता के साथ परियोजना-वार की जाती है :-

| | परामर्श | ईपीसी |
|---|---|---|
| अनुसूची की पूर्ति | 40% | 60% |
| सेवा की गुणवत्ता | 30% | 30% |
| कार्मिक गुणवत्ता | 30% | 10% |

प्राप्त पूरक सुचना के आधार पर समग्र सीएसएम सूचकांक की गणना प्रत्येक कैलेण्डर वर्ष के लिए परामर्श एवं ईपीसी परियोजनाओं के लिए साधारण अलग-अलग औसत के जरिए की जाती है ।

परियोजना समन्यकों द्वारा प्राप्त सी एम एन पूरक सूचना एम आर (प्रबंधन प्रतिनिधि) सचिवालय में प्रबंधन समीक्षा बैठक (सी एमडी की अध्यक्षता में) में विश्लेषण और चर्चा के लिए संकलित की जाती है ताकि आवश्यक सुधारात्मक और निवारक कार्रवाई की जा सके ।

पूरक सूचना का रिकार्ड रखने/सीएमएम सूचकांक संगणना/विश्लेषण/चर्चा/ सुधारत्मक और निवारक कार्रवाई की पर्यवेक्षण/प्रमाणन लेखा परीक्षा के दौरान स्वतंत्र तीसरे पक्ष के आकलन निकाय (मै. टव नॉर्ड) द्वारा लेखा परीक्षा की जाती है ।

*अनुबंध-ग*

# वर्ष 2011-2012 के लिए मेकॉन में प्रशिक्षण कार्यक्रम

इस प्रतिस्पर्धी विश्व में प्रौद्योगिकी तेजी से बदल रही है और मेकॉन के ज्ञान आधारित कंपनी होने के कारण हमें अपने कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें इन नई प्रौद्योगिकियों के साथ अद्यतन बनाने की जरूरत है । मेकॉन के पास एक आवश्यकता आधारित प्रशिक्षण प्रणाली है जिसमें प्रशिक्षण संबंधी जरूरतों का पता ऑन लाइन सक्षमता ज्ञापन प्रणाली से लगाया जाता है । व्यक्तियों के लिए अभिज्ञात किए गए सक्षमता अंतरों के आधार पर प्रौद्योगिकी और तकनीकी दक्षता के पहलुओं से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं । अद्यतन ज्ञान प्राप्त कर्मचारी अधिक कार्यक्षम, कारगर होता है और संगठनात्मक लक्ष्यों को प्राप्त करने में बेहतर ढंग से योगदान देता है ।

प्रौद्योगिकी और तकनीकी दक्षता संबंधित प्रशिक्षण के अलावा, मेकॉन प्रबंधन विकास और अन्य संबंधित कार्यक्रमों के जरिए अपने कर्मचारियों के समग्र विकास के लिए वैकल्पिक दक्षताओं (प्रबंधकीय और व्यावहारिक) पर जोर भी देता है ।

निम्नलिखित क्षेत्रों में प्रशिक्षण देने के लिए वर्ष 2011–12 हेतु एचआरडी कार्यनीति की योजना बनाई जाएगी ।

## ➢ प्रौद्योगिकी संबंधित

अद्यतन तकनीकी प्रगति की जानकारी देने और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के प्रदर्शन के लिए इन कार्यक्रमों को कंपनी के प्रचालनगत क्षेत्रों में कार्यकलाप/सेक्टर के विभिन्न क्षेत्रों के अद्यतन प्रौद्योगिकी विकास का ज्ञान और विशेषज्ञता भागीदारों को देने के लिए आयोजित किया जाता है । इसका समाधान अधिकांशतः संगत और कार्यनीतिक महत्व के विषयों के संबंध में कार्यशालाओं, सेमिनारों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के जरिए हमारे कर्मचारियों को जानकारी प्रदान करके किया जाता है ।

## ➢ तकनीकी कुशलता संबंधित

इस स्पेक्ट्रम में अद्यतन डिजाइन और इंजीनियरी औजारों और तकनीकों संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा । आटोप्लांट, स्ट्रू, कैड, स्टाड, प्रो आदि अद्यतन डिजाइन और ड्राफ्टिंग सॉफ्टवेयर संबंधी प्रदर्शन की योजना भी बनाई जाएगी । परियोजना प्रबंधन और निगरानी, वित्तीय प्रबंधन और हमारे चिकित्सा कार्यकारियों के लिए प्रशिक्षण हेतु अद्यतन साफ्टवेयर संबंधी इसी तरह के कार्यक्रमों की योजना है ताकि हमारे मानव संसाधन को अद्यतन बनाया जा सके । इस नीति से हमारे मानव संसाधन की मौजूदा दक्षता में निरंतर निखार लाने, उनकी उत्पादकता में सुधार करने और राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय दोनों मंचों पर प्रतिस्पर्धा की चुनौतियों का सामना करने में उन्हें सक्षम बनाने की आशा है ।

➢ **व्यक्तित्व विकास से संबंधित**

इस श्रेणी के अंतर्गत कार्यक्रमों का मूलभूत उद्देश्य अपना कार्य सम्पन्न करने के साथ-साथ कर्मचारियों को व्यवहारिक, प्रबंधकीय और समग्र व्यक्तित्व विकास के पहलुओं के क्षेत्र में जानकारी देना है । इसके अंतर्गत शामिल विषयों में अंतर-व्यक्तिगत संबंध, कार्य जीवन संतुलन प्रबंधन, प्रेरणा, भागीदारी प्रबंधन, व्यापार दक्षता, नेतृत्व तनाव प्रबंधन, प्रभावी संचार और प्रस्तुतीकरण कुशलता आदि शामिल होंगे ।

तकनीकी और वैकल्पिक दक्षताएं संबंधित प्रशिक्षण को मेकॉन के कर्मचारी और गैर कार्यकारी दोनों को यथा प्रयोज्य और यथावश्यक ढंग से प्रदान किया जाएगा ।

मेकॉन लिमिटेड

अनुबंध-IX

## पिछले 5 वर्षों के लिए वित्तीय मापदंडों के सीपीएसई के कार्य निष्पादन की प्रवृत्ति

( करोड़ मे)

| क्र.सं. | विवरण | इकाई | 2006-07 | | 2007-08 | | 2008-09 | | 2009-10 | | 2010-11 | | 2011-12 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | समझौता ज्ञापन | वास्तविक | समझौता ज्ञापन | वास्तविक | समझौता ज्ञापन | वास्तविक | समझौता ज्ञापन | वास्तविक | समझौता ज्ञापन | 31.03.2011 को यथा अनुमानित | अनुमानित |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) | (12) | (13) | (14) |
| 1 | उत्पादन | | उपलब्ध नहीं | उपलब्ध नहीं | उपलब्ध नहीं | उपलब्ध नहीं | उपलब्ध नहीं | उपलब्ध नहीं | उपलब्ध नहीं | उपलब्ध नहीं | उपलब्ध नहीं | उपलब्ध नहीं | उपलब्ध नहीं |
| 2 | सकल बिक्री | करोड रू. में | 340.00 | 365.62 | 375.00 | 466.21 | 405.00 | 552.44 | 470.00 | 604.78 | 550.00 | 550.00 | 632.00 |
| 3 | सकल मार्जिन | करोड रू. में | 48.00 | 51.40 | 52.10 | 65.37 | 55.00 | 86.20 | 76.00 | 135.51 | 95.00 | 110.00 | 123.00 |
| 4 | कर पूर्व लाभ | करोड रू. में | 20.16 | 23.38 | 26.85 | 39.53 | 35.62 | 74.76 | 64.50 | 124.69 | 84.08 | 100.00 | 114.32 |
| 5 | सकल ब्लॉक | करोड रू. में | 113.03 | 106.04 | 114.91 | 109.32 | 117.54 | 114.00 | 120.00 | 116.91 | 130.00 | 125.00 | 130.00 |
| 6 | ऋण : मूल्यह्रास | करोड रू. में | 41.15 | 36.77 | 40.31 | 37.59 | 46.52 | 40.65 | 47.09 | 44.16 | 48.55 | 48.46 | 52.46 |
| 7 | निवल ब्लॉक | करोड रू. में | 71.88 | 69.27 | 74.60 | 71.73 | 71.02 | 73.35 | 72.91 | 72.75 | 81.45 | 76.54 | 77.54 |
| 8 | शेयर पूंजी | करोड रू. में | 2.42 | 40.14 | 103.14 | 103.14 | 103.14 | 103.14 | 103.14 | 103.14 | 103.14 | 103.14 | 90.54 |
| 9 | आरक्षी निधि और अधिशेष (पुन: मूल्यांकन रिजर्व से इतर) | करोड रू. में | - | - | - | - | - | - | - | 10.81 | 67.70 | 73.92 | 147.32 |
| 10 | ऋण: डीआरई / अधिग्रहण पूर्व घाटे | करोड रू. में | 8.95 | 9.64 | 1.04 | 1.02 | 0.15 | 0.15 | - | - | - | - | - |
| 11 | ऋण : लाभ और हानि खाता | करोड रू. में | 163.03 | 162.81 | 143.39 | 130.34 | 111.90 | 68.14 | 31.10 | - | - | - | - |
| 12 | निवल मूल्य | करोड रू. में | (169.56) | (132.31) | (41.29) | (28.22) | (8.91) | 34.85 | 72.04 | 113.95 | 170.84 | 177.06 | 237.86 |

## पिछले 5 वर्षों के लिए वित्तीय मापदंडों के सीपीएसई के कार्य निष्पादन की प्रवृत्ति

( करोड़ में)

| क्र सं | विवरण | इकाई | 2006-07 | | 2007-08 | | 2008-09 | | 2009-10 | | 2010-11 | | 2011-12 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | समझौता ज्ञापन | वास्तविक | समझौता ज्ञापन | वास्तविक | समझौता ज्ञापन | वास्तविक | समझौता ज्ञापन | वास्तविक | समझौता ज्ञापन | 31.03.2011 को यथा अनुमानित | अनुमानित |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) | (12) | (13) | (14) |
| 13 | निवेश | करोड़ रू. में | 6.90 | 5.10 | 5.10 | 5.10 | 5.10 | 5.10 | 5.10 | 5.10 | 5.10 | 5.12 | 5.12 |
| 14 | विविध कर्जदार | करोड़ रू. में | 180.00 | 76.94 | 90.00 | 91.28 | 120.00 | 142.71 | 150.00 | 163.14 | 183.33 | 183.33 | 210.67 |
| 15 | मालसूची | करोड़ रू. में | 0.80 | 1.04 | 0.85 | 0.84 | 1.00 | 1.23 | 1.10 | 1.19 | 1.30 | 1.30 | 1.40 |
| 16 | कुल वर्तमान परिसंपत्तियां | करोड़ रू. में | 389.63 | 310.65 | 322.07 | 612.39 | 415.06 | 765.36 | 740.10 | 810.65 | 722.20 | 778.39 | 834.69 |
| 17 | कुल वर्तमान देयताएं और उपबंध | करोड़ रू. में | 301.97 | 295.01 | 246.87 | 522.04 | 320.89 | 621.81 | 627.36 | 631.51 | 539.48 | 570.58 | 616.30 |
| 18 | निवल वर्तमान परिसंपत्तियां | करोड़ रू. में | 87.66 | 15.64 | 75.20 | 90.35 | 94.17 | 143.55 | 112.74 | 179.14 | 182.72 | 207.81 | 218.39 |
| 19 | नियोजित पूंजी (निवल ब्लॉक + निवल वर्तमान परिसंपत्तियां) | करोड़ रू. में | 159.54 | 84.91 | 149.80 | 162.08 | 165.19 | 216.90 | 185.65 | 251.89 | 264.17 | 284.35 | 295.93 |
| 20 | कुल कर्जदार (ऋण निधि) | करोड़ रू. में | 307.97 | 196.45 | 172.00 | 171.25 | 153.60 | 161.46 | 123.01 | 120.16 | 85.00 | 86.50 | 50.00 |
| 21 | कुल परिसंपत्तियां | करोड़ रू. में | 461.51 | 379.92 | 396.67 | 684.12 | 486.08 | 838.71 | 813.01 | 883.40 | 803.65 | 854.93 | 912.23 |
| 22 | कर्मचारियों की संख्या | सं. | 1,550 | 1,631 | 1,669 | 1,674 | 1,805 | 1,788 | 1,867 | 1,886 | 1,903 | 1,873 | 1,838 |
| 23 | प्रदत्त लाभांश | करोड़ रू. में | - | - | 3.15 | 1.00 | 3.15 | 3.15 | 3.15 | 3.15 | 3.15 | 3.15 | 2.52 |
| 24 | वर्धित मूल्य (सकल मार्जिन घटा सामाजिक क्षेत्र के लिए नियोजित पूंजी का 4% पूंजीगत वसूली कारक और अन्य सी पी एस ई के लिए 10%) | करोड़ रू. में | 32.05 | 42.91 | 37.12 | 49.16 | 38.48 | 64.51 | 57.44 | 110.32 | 68.58 | 81.57 | 93.41 |

## पिछले 5 वर्षों के लिए वित्तीय मापदंडों के सीपीएसई के कार्य निष्पादन की प्रवृत्ति

( करोड़ में)

| क्र.सं. | विवरण | इकाई | 2006-07 | | 2007-08 | | 2008-09 | | 2009-10 | | 2010-11 | | 2011-12 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | समझौता ज्ञापन | वास्तविक | समझौता ज्ञापन | वास्तविक | समझौता ज्ञापन | वास्तविक | समझौता ज्ञापन | वास्तविक | समझौता ज्ञापन | 31.03.2011 को यथा अनुमानित | अनुमानित |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) | (12) | (13) | (14) |
| | अनुपात | | | | | | | | | | | | |
| 25 | कर्जदार/इक्विटी | प्रतिशतता | उपलब्ध नहीं | उपलब्ध नहीं | उपलब्ध नहीं | उपलब्ध नहीं | उपलब्ध नहीं | 4.63 | 1.71 | 1.05 | 0.50 | 0.49 | 0.21 |
| 26 | निवल मूल्य पर आय (%) | प्रतिशतता | - | - | - | - | - | 189% | 76% | 73% | 32% | 38% | 32% |
| | पीबीआईटी/कुल रोजगार (रू.) | लाख रू. में | 3.10 | 3.15 | 3.12 | 3.91 | 3.05 | 4.82 | 4.00 | 7.18 | 4.99 | 5.87 | 6.69 |
| 28 | सकल लाभ/नियोजित पूंजी (%) | प्रतिशतता | 20.16 | 41.89 | 24.27 | 32.83 | 29.13 | 37.57 | 38.16 | 52.23 | 34.45 | 37.28 | 40.21 |
| 29 | निवल लाभ/निवल मूल्य (%) | प्रतिशतता | उपलब्ध नहीं | उपलब्ध नहीं | उपलब्ध नहीं | उपलब्ध नहीं | उपलब्ध नहीं | 189.07 | 76.35 | 72.50 | 32.48 | 37.72 | 32.09 |
| | सकल मार्जिन की गणना | | | | | | | | | | | | |
| 30 | निवल लाभ | करोड़ रू. में | 20.16 | 20.38 | 23.85 | 33.32 | 30.62 | 65.89 | 55.00 | 82.62 | 55.49 | 66.78 | 76.34 |
| 31 | कर | करोड़ रू. में | - | 3.00 | 3.00 | 6.21 | 5.00 | 8.87 | 9.50 | 42.07 | 28.59 | 33.22 | 37.98 |
| 32 | कर पूर्व निवल लाभ | करोड़ रू. में | 20.16 | 23.38 | 26.85 | 39.53 | 35.62 | 74.76 | 64.50 | 124.69 | 84.08 | 100.00 | 114.32 |
| 33 | पूर्ववर्ती (आय) /व्यय जोड़े | करोड़ रू. में | - | 0.60 | - | 3.86 | - | (1.50) | (5.00) | (0.53) | - | 1.20 | 0.98 |
| 34 | जोड़ें: अन्य सामान्य मदें | करोड़ रू. में | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 35 | पूर्ववर्ती अवधि से पहले लाभ | करोड़ रू. में | 20.16 | 23.98 | 26.85 | 43.39 | 35.62 | 73.26 | 59.50 | 124.16 | 84.08 | 101.20 | 115.30 |
| 36 | जमा ब्याज | करोड़ रू. में | 12.00 | 11.59 | 9.50 | 9.82 | 12.50 | 8.22 | 11.35 | 7.41 | 6.92 | 4.80 | 3.70 |
| 37 | सकल लाभ | करोड़ रू. में | 32.16 | 35.57 | 36.35 | 53.21 | 48.12 | 81.48 | 70.85 | 131.57 | 91.00 | 106.00 | 119.00 |
| 38 | जमा: मूल्यह्रास | करोड़ रू. में | 2.50 | 2.48 | 3.00 | 3.55 | 6.00 | 3.84 | 5.00 | 3.79 | 4.00 | 4.00 | 4.00 |
| 39 | बट्टे खाते डाले गए विविध खर्च | करोड़ रू. में | 13.34 | 13.35 | 12.75 | 8.61 | 0.88 | 0.88 | 0.15 | 0.15 | - | - | - |
| 40 | ब्याज, मूल्यह्रास से पहले सकल मार्जिन और बट्टे-खाते डाले गए विविध व्यय | करोड़ रू. में | 48.00 | 51.40 | 52.10 | 65.37 | 55.00 | 86.20 | 76.00 | 135.51 | 95.00 | 110.00 | 123.00 |

## पिछले 5 वर्षों के लिए वित्तीय मापदंडों के सीपीएसई के कार्य निष्पादन की प्रवृत्ति

( करोड़ में)

| क्र.सं. | विवरण | इकाई | 2006-07 | | 2007-08 | | 2008-09 | | 2009-10 | | 2010-11 | | 2011-12 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | समझौता ज्ञापन | वास्तविक | समझौता ज्ञापन | वास्तविक | समझौता ज्ञापन | वास्तविक | समझौता ज्ञापन | वास्तविक | समझौता ज्ञापन | 31.03.2011 को यथा अनुमानित | अनुमानित |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) | (12) | (13) | (14) |
| | **व्यापार और परामर्शी क्षेत्र के लिए अतिरिक्त** | | | | | | | | | | | | |
| 41 | i) सकल मार्जिन/सकल बिक्रियां | प्रतिशतता | 14.12 | 14.06 | 13.89 | 14.02 | 13.58 | 15.60 | 16.17 | 22.41 | 17.27 | 20.00 | 19.46 |
| 42 | ii) प्रचालन कारोबार/कर्मचारियों की कुल संख्या | लाख रू. में | 10.68 | 10.91 | 11.48 | 17.77 | 12.32 | 19.77 | 14.50 | 17.39 | 18.18 | 19.54 | 21.43 |
| 43 | सकल मार्जिन: ब्याज, मूल्यह्रास, आस्थगित कर सहित करपूर्व लाभ, परिशोधन, पूर्व अवधि समायोजन खाता और असाधारण मदें-करोड़ रूपए में | करोड़ रू. में | 48.00 | 51.40 | 52.10 | 65.37 | 55.00 | 86.20 | 76.00 | 135.51 | 95.00 | 110.00 | 123.00 |
| 44 | निवल कर पूर्व लाभ परंतु असाधारण और पूर्व अवधि समायोजन खाते से पहले | करोड़ रू. में | 20.16 | 20.98 | 23.85 | 37.18 | 30.62 | 64.39 | 50.00 | 82.09 | 55.49 | 67.98 | 77.32 |
| 45 | अतिरिक्त मूल्य (करोड़ रूपए में) | करोड़ रू. में | 32.05 | 42.91 | 37.12 | 49.16 | 38.48 | 64.51 | 57.44 | 110.32 | 68.58 | 81.57 | 93.41 |

# स्पष्टीकारक टिप्पणियां

## 1. सामान्य

(क) कंपनी ने पिछले 4 से 5 वर्षों के दौरान अपने कार्य निष्पादन में बहुमुखी सुधार प्रदर्शित किया है और कारोबारी स्थिति के सुधारने की दिशा में निरंतर प्रगति कर रही है ।

(ख) इस्पात व्यापार के चक्रिय होने के मद्देनजर, कंपनी ने गैर-इस्पात क्षेत्र में अपने कार्यकलापों को तेज करने के लिए कदम उठाए हैं । तेल और गैस अवसंरचना और विद्युत क्षेत्रों पर पहले से ही काफी जोर दिया गया है । तथापि, इन विविधीकृत क्षेत्रों में पर्याप्त जानकारी के अभाव में मेकॉन को सहयोगियों पर निर्भर रहना होता है जिससे वह इन क्षेत्रों में अवसरों का पूरा लाभ उठाने में सक्षम नहीं रहती है । उपर्युक्त क्षेत्रों में अर्हता-पूर्व मानदंडों की युक्ति संगतता सुनिश्चित करके मंत्रालय की सहायता से कंपनी की क्षमता का दोहन करने और किसी एक क्षेत्र विशेष में चक्रीय उतार-चढ़ाव/उस पर अधिक निर्भरता के प्रति सुरक्षा हासिल करने में मदद मिलेगी।

(ग) अपने अस्तित्व में आने के बाद वित्त वर्ष 1973-74 से एक स्वतंत्र कंपनी के रूप में, मेकॉन वर्ष 1997-98 तक के 25 वर्ष तक सतत आधार पर एक लाभ कमाने वाली कंपनी रही है जिस समय तक कंपनी ने केवल 2 करोड़ रूपए की सरकारी इक्विटी के रूप में किए गए निवेश की तुलना में 168.3 करोड़ रू.का संचयी कर-पूर्व लाभ अर्जित किया था । तथापि प्रतिकूल व्यापारिक परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए मेकॉन वर्ष 1998-99 में पहली बार लाभ अर्जित नहीं कर सकी और ऐसे ही कारणों से यह प्रवृत्ति वर्ष 2003-04 तक जारी रही । व्यापार और प्रशासनिक पुनर्गठन उपायों के कार्यान्वयन के तुरंत बाद कंपनी ने वर्ष 2004-05 में 10.73 करोड़ रू. तथा वर्ष 2005-06 में 16.12 करोड़ रूपए के निवल लाभ के साथ कारोबारी स्थिति में आंशिक सुधार किया । तत्पश्चात वित्तीय पुनर्गठन उपायों के कार्यान्वयन के साथ कंपनी का शीघ्र कायाकल्प हुआ है जो निम्नलिखित से स्पष्ट है :-

- कारोबार में वर्ष 2004-05 के दौरान 173.86 करोड़ रूपए से 2009-10 के दौरान 604.78 करोड़ रूपए की वृद्धि हुई ।
- कंपनी का कर पूर्व लाभ दस गुना बढ़ा है जो वर्ष 2004-05 के दौरान 70.73 करोड़ रूपए हो गया है ।
- दिनांक 30.09.2008 की स्थिति के अनुसार कंपनी का निवल मूल्य धनात्मक हो गया (31.3.2004 की स्थिति के अनुसार निवल मूल्य 257.91 करोड़ रूपए था । 31.3.2010 की स्थिति के अनुसार कंपनी का निवल मूल्य 113.95 करोड़ रूपए है) ।
- 30.09.2009 की स्थिति के अनुसार कंपनी अपने समग्र घाटों को समाप्त करने में सफल रही है । (31.3.2004 की स्थिति के अनुसार समग्र घाटा 210.04 करोड़ रूपए था)

(घ) मेकॉन ने अपनी प्रचालनात्मक लागत को कम करने के लिए लागत में कटौती करने के अनेक उपाय कार्यान्वित किए हैं । आगामी 3 से 4 वर्षों में होने वाली सेवानिवृत्तियों को ध्यान में रखकर ज्ञान को हासिल करने तथा संगठन की निरंतरता एवं विकास को सुनिश्चित

करने के लिए कंपनी ने यथासंभव निचले स्तर पर नए इंजीनियरी स्नातकों एवं व्यावसायिकों की भर्ती शुरू की है ।

## 2. सकल मार्जिन

वी आर एस के कार्यान्वयन, सामान्य सेवानिवृत्ति द्वारा कंपनी की सही कर्मचारी संख्या तथा उन्नत आर्डर बुकिंग और उत्पादकता में सुधार और प्रचालनात्मक लागत को कम करने के अन्य उपायों के परिणामस्वरूप कंपनी ने 5 वर्ष के अंतराल के बाद 2003-04 से धनात्मक सकल मार्जिन प्राप्त करना शुरू कर दिया है । तत्पश्चात कंपनी ने कायाकल्प के पथ पर निरंतर अग्रसर होना जारी रखा है और वित्त वर्ष 2009-10 के दौरान 135.51 करोड़ रू. का सकल मार्जिन दर्ज किया है ।

## 3. स्थिर वित्तीय मानदंड

वर्ष 1998-99 से कंपनी द्वारा उठाए गए घाटे के परिणामस्वरूप कंपनी के निवल मूल्य का क्षरण हुआ है । तथापि, कंपनी दिनांक 30.9.2008 की स्थिति के अनुसार सकारात्मक निवल मूल्य हासिल करने में समर्थ रही है । दिनांक 31.3.2009 की स्थिति के अनुसार कंपनी का निवल मूल्य 34.85 करोड़ रूपए है । दिनांक 31.3.05 की स्थिति के अनुसार कंपनी द्वारा लगाई गई पूंजी सकारात्मक अर्थात 45.86 करोड़ रू. हो गई है । दिनांक 31.3.2010 की स्थिति के अनुसार लगाई गई पूंजी 251.89 करोड़ रूपए रही है और इसमें 2010-11 के अंत तक पर्याप्त सुधार होने की आशा है । दिनांक 31.3.2007 की स्थिति के अनुसार कंपनी की निवल कार्यशील पूंजी भी सकारात्मक अर्थात 15.64 करोड़ रूपए हो गई है । दिनांक 31.3.2010 की स्थिति के अनुसार निवल कार्यशील पूंजी 179.14 करोड़ रूपए रही है और वर्ष 2010-11 के अंत तक इसमें उल्लेखनीय सुधार प्रत्याशित है।

एमओयू दिशा निर्देशों के अनुसार निम्नलिखित स्थिर वित्तीय मानदंडों पर विचार किया गया है :-

(i) सकल बिक्री
(ii) सकल मार्जिन
(iii) सकल लाभ
(iv) निवल लाभ
(v) प्रचालन से नकद अर्जन
(vi) कार्यशील पूंजी/कारोबार

## 4. सरकार से वित्तीय बजटीय सहायता

व्यापार के स्वरूप तथा प्रतिस्पर्धी के वातावरण को देखते हुए और कारोबारी स्थिति में आगे और सुधार करने के लिए वर्ष 2011-12 के लिए विभिन्न शीर्षों के अंतर्गत निधियों की जरूरत निम्नानुसार है :-

गैर योजना व्यय

| | | |
|---|---|---|
| (i) | वीआरएस ऋण पर 50% ब्याज सब्सिडी (50 करोड़ रू. वर्ष 2002-03 में आहरित तथा142 करोड़ रू. वर्ष 2003-04 में आहरित 17 करोड़ रुपए का बॉण्ड ऋण दिनांक 25.8.2006 को विमोचित और 50 करोड़ रुपए के बैंक ऋण का विमोचन दिसंबर,07 से 10 करोड़ रुपए प्रत्येक की पांच समान वार्षिक किस्तों में शुरू हो गया है) | 2.83 करोड़ रुपए |
| (ii) | सरकार द्वारा अनुमोदित वित्तीय पैकेज के अनुसार वीआरएस हेतु ऋण के लिए सरकार की गारंटी फीस की माफी | |
| (क) | दिनांक 1.4.2010 की स्थिति के अनुसार 10 करोड़ रू. के बकाया बैंक ऋण का 1% | 0.10 करोड़ रुपए |
| (ख) | दिनांक 1.4.2010 की स्थिति के अनुसार 75 करोड़ रुपए के बांड ऋण (बांडों की निजी क्षेत्र में बिक्री के जरिए जुटाए गए 142 करोड़ रुपए में से) का 1% | 0.75 करोड़ रुपए |

**अनुबंध-X**

## सी पी एस ई द्वारा स्व-घोषणा/प्रमाणन

एतद्द्वारा यह प्रमाणित किया जाता है कि वित्तीय मापदंडों के संबंध में लक्ष्यों और वास्तविक उपलब्धियों की गणना वर्ष 2011-12 के लिए एम ओ यू संबंधी दिशा-निर्देशों में निर्धारित मानकों और परिभाषाओं को अपनाकर एम ओ यू दिशा-निर्देशों के अनुसार की गई है। यदि कार्य निष्पादन के मूल्यांकन के समय कोई विपथन पाया जाता है तो डी पी ई, एम ओ यू दिशा-निर्देशों के अनुसार लेखा परीक्षित लेखों की दृष्टि से मूल्यांकन करने के लिए स्वतंत्र है । सी पी एस ई के पास इस संबंध में दावा करने का कोई अधिकार नहीं है ।

ह./-

प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता

## गैर-वित्तीय लक्ष्यों के लिए सत्यापन के साधन

| | | |
|---|---|---|
| **2.2** | **गतिशील मापदंड** | |
| 2.2.1 | **वर्ष के दौरान आर्डर बुकिंग** | वास्तविक कार्य निष्पादन के आधार पर कंपनी द्वारा प्रमाणित किया जाना है । |
| 2.2.2 | **गुणवत्ता :** पर्यवेक्षण लेखा परीक्षा/पुनः प्रमाणन लेखा परीक्षा:सुधारात्मक कार्रवाई अनुरोध (सीएआर) आईएसओ 9001:2008 | बाहरी एजेंसी टव नार्ड द्वारा प्रमाणन |
| 2.2.3 | **उपभोक्ता संतुष्टि** | बाहरी एजेंसी टव नार्ड द्वारा प्रमाणन |
| 2.2.4 | **कार्यान्वित की जाने वाली सीएसआर स्कीमें** निदेशक बोर्ड द्वारा अनुमोदित सीएसआर नीति के अनुसार परियोजनाओं पर व्यय | वास्तविक कार्य निष्पादन के आधार पर कंपनी द्वारा प्रमाणित किया जाना है । |
| 2.2.5 | **अनुसंधान और विकास** | |
| | (क) सतत मल्टी गैस एजेंसी का विकास-मूलभूत डिजाइन, मिलान अध्ययन और संघटकों का चयन | वास्तविक कार्य निष्पादन के आधार पर कंपनी द्वारा प्रमाणित किया जाना है । |
| | (ख) इन्फ्रा-रैड कैमरा आधारित लैडल स्थिति निगरानी-डिजाइन, विन्यास का विकास और प्रणाली के व्यापक तकनीकी विनिर्देशन को अंतिम रूप देना | वास्तविक कार्य निष्पादन के आधार पर कंपनी द्वारा प्रमाणित किया जाना है । |
| 2.3 | **क्षेत्र/उद्यम विशिष्ट** | |
| 2.3.1 | **2016-17 तक कार्पोरेट योजना तैयार करना** | वास्तविक कार्य निष्पादन के आधार पर कंपनी द्वारा प्रमाणित किया जाना है । |
| 2.3.2 | **प्रौद्योगिकी उन्नयन** (प्रौद्योगिकी उन्नयन/कार्यनीतिक गठबंधन के लिए नया सहयोग करार) | वास्तविक कार्य निष्पादन के आधार पर कंपनी द्वारा प्रमाणित किया जाना है । |
| 2.3.3 | **मानव संसाधन विकास** | |
| | (क) दिया गया प्रशिक्षण | वास्तविक कार्य निष्पादन के आधार पर कंपनी द्वारा प्रमाणित किया जाना है । |
| | (ख) सीपीएसई द्वारा भर्ती में चयन समिति में अल्प संख्यकों का प्रतिनिधित्व | वास्तविक कार्य निष्पादन के आधार पर कंपनी द्वारा प्रमाणित किया जाना है । |
| 2.3.4 | **रिसीवेबल्स में कमी** | |
| | (क) 31 मार्च, 2012 को कुल देनदारों में से छह माह से अधिक पुराने विविध देनदारों का प्रतिशत | वास्तविक कार्य निष्पादन के आधार पर कंपनी द्वारा प्रमाणित किया जाना है । |
| | (ख) 31 मार्च, 2012 को कुल देनदारों से सकल बिक्री का प्रतिशत | वास्तविक कार्य निष्पादन के आधार पर कंपनी द्वारा प्रमाणित किया जाना है । |
| 2.3.5 | **निगमित शासन-** डीपीई दिशानिर्देशों का अनुपालन | वास्तविक कार्य निष्पादन के आधार पर कंपनी द्वारा प्रमाणित किया जाना है । |
| 2.3.6 | धातु क्षेत्र से इतर में सकल बिक्रियों के विविधीकरण प्रयास | वास्तविक कार्य निष्पादन के आधार पर कंपनी द्वारा प्रमाणित किया जाना है । |
| 2.3.7 | निर्यात कारोबार | वास्तविक कार्य निष्पादन के आधार पर कंपनी द्वारा प्रमाणित किया जाना है । |